# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 8TH



aglasem.com

Class : 8th

Subject : दूर्वा

Chapter : 16

Chapter Name : बूढ़ी अम्मा की बात

Q1 (क) लोक-कथा में गोमा बिना खेत जोते अपने बैलों को हाँककर घर की ओर क्यों चल पड़ा?

(ख) गोमा को पेड़ के नीचे बैठा देखकर बूढ़ी अम्मा ने उससे क्या कहा?

(ग) गोमा ने अपने खेतों को क्यों जोता?

Answer. (क) इस वर्ष भी आषाढ़ सूखा ही रह गया था। उसने सोचा कि वर्षा की कोई आशा नहीं हैं तो खेत जोतकर क्या करूँगा। इसलिए वह बिना खेत जोते ही बैलों को हाँकते हुए घर ले आया।

(ख) गोमा को पेड़ के नीचे बैठे देखकर बूढ़ी अम्मा ने कहा, ये समय तो खेत जोतने का हैं और तुम आराम कर रहे हो। बेटा, वर्षा तुम्हारे हाथ में नहीं हैं। यह तो प्रकृति पर निर्भर हैं। तुम अपना खेत जोतो। वर्षा भी हो जाएगी। तुम अपना काम समय पर करो। प्रकृति अपना काम समय पर करेगी।

(ग) गोमा ने अपने खेतों को बूढ़ी अम्मा के कहने पर जोता क्योंकि उसे समझ आ गया था कि अपना काम समय पर करना चाहिए।

Page : 107 , Block Name : पाठ से

Q2 (क) गोमा खेतों को तैयार न करता?

(ख) गोमा को बूढ़ी अम्मा नहीं मिलती?

(ग) बूढ़ी अम्मा की बात पर गोमा ध्यान न देता?

(घ) इस साल भी वर्षा न होती?

Answer. (क) यदि गोमा खेतों को तैयार न करता तो वर्षा का पानी पूरी तरह खेतों को नहीं मिल पाता।

(ख) यदि गोमा को बूढ़ी अम्मा नहीं मिलती तो शायद वह असमंजस में ही रह जाता और समय पर खेत नहीं जोत पाता।

(ग) यदि गोमा बूढ़ी अम्मा की बात पर ध्यान न देता तो वर्षा का उपयोगी जल खेतों को नहीं मिलता।

(घ) यदि इस साल भी वर्षा न होती तो सूखा पड़ जाता, अनाज नहीं हो पाता।

Page : 107 , Block Name : क्या होता अगर



Aglasem Schools

Q3 (क) बूढी अम्मा ने वर्षा न होने के क्या कारण बताए ?

(ख) क्या तुम बूढ़ी अम्मा की बात से सहमत हो ? अपने उत्तर का कारण भी बताओ ।

Answer. (क) उन्होंने कहा बिना हरियाली वर्षा नहीं होती। जब सारे पेड़ो की अंधाधुंध कटाई हो रही है तो वर्षा होना असंभव सा प्रतीत होता है ।

(ख) हाँ, हम बूढ़ी अम्मा की बात से सहमत हैं। हमें पेड़ो की कटाई को रोकना चाहिए और नए नए पेड़ लगाने चाहिए जिससे हमारा पर्यावरण शुद्ध और स्वस्थ हो |

Page : 108 , Block Name : वर्षा कैसे हो

Q4 (क) "इस वर्षा भी आषाढ़ सूखा ही रहा।"

लोक-गीत से जाहिर होता है की गोमा के गांव में तीन साल से वर्षा नहीं हुई थी। वर्षा न होने के कारण उनके गांव के बैलो, खेतों और पेड़ो में क्या बदलाव आए होंगे ?

(ख) सवेरे- सवेरे अपने पशुओं की ये आवाज़ें सुनने के लिए उसके कान तरस गए थे। गोमा ने बहुत समय बाद अपने पशुओं की वे आवाजें सुनी थी। क्यों ?

Answer. (क) वर्षा न होने के कारण धरती प्यासी और पशु बेहाल हो गए होंगे।

(ख) सवेरे सवेरे बारिश का मौसम बनते देख पशुओं में मानो जान सी आ गयी थी और वे सभी ख़ुशी से झूम उठे। सभी पशु आवाज़ निकालकर मानो शुभ संकेत दे रहे थे।

Page : 108 , Block Name : गांव और पशु

Q5 बूढ़ी अम्मा ने कहा, वर्षा अवश्य होगी

(क) तुम्हारे विचार से बूढ़ी अम्मा ने गोमा से यह बात क्यों कही?

(ख) क्या उन्हें मालूम था की इस साल वर्षा होगी? या उन्होंने अपने अनुभव के आधार पर केवल अंदाजा लगाया था ?

(ग) वर्षा और पेड़ो के सम्बन्ध के बारे में सोचो। पांच-पांच बच्चों के समूह बनाकर इस बारे में बातचीत करो । फिर सबको अपने समूह के विचार बताओ ।

Answer. (क) गोमा का मनोबल बढ़ाने के लिए बूढ़ी अम्मा ने यह बात कही |

(ख) उन्होंने अपने अनुभव के आधार पर केवल अंदाजा लगाया था।

(ग) वर्षा और पेड़-पौधों का एक-दूसरे से गहरा संबंध है | यदि वर्षा नहीं होगी तो पेड़-पौधे सुख जाएंगे और यदि पेड़-पौधे न हो तो वर्षा भी कम होगी | पर्यावरण का संतुलन बिगड़ जाएगा |

Page : 108 , Block Name : सोचने की बात

aglasem.com

Q6सही शब्दों पर गोला बनाओ

कामचोर, आलसी, मेहनती, भोला-भाला, मूर्ख, समझदार, गरीब, अमीर, कमज़ोर, लगन का पक्का

अब अपने उत्तर का कारण नीचे लिखो

मेरे विचार से गोमा .............. व्यक्ति था क्योंकि ..............

………………………………………………………………………………

Answer. मेरे विचार से गोमा मेहनती, समझदार, गरीब और लगन का पक्का व्यक्ति था | वह रोज़ बैलों को खेतों की ओर ले जाता पर सूखा देखकर लौट आता था। बूढ़ी अम्मा के कहने पर तुरंत ही वह खेतों के काम में लग गया। धरती सूखी थी फिर भी उसने चार दिन में पूरा खेत जोत दिया।

Page : 108 , Block Name : कैसा था गोमा

Q7 "कई बार उसका मन डाँवाडोल भी हुआ।"

गोमा खेतों में काम करने जा रहा था। कई बार उसने घर लौट जाने की बात भी सोची। तुम्हारा मन भी ज़रूर कभी डाँवाडोल होता होगा? ऐसा कब-कब होता है? अपने ढंग से सोचकर इस सूची को पूरा करो।

(क) जब खूब नींद आ रही हो और दोस्त खेलने को बुलाने लगे।

(ख) ..........................................................................

(ग) ..........................................................................

(घ) ..........................................................................

(ङ) ..........................................................................

Answer. (क) जब खूब नींद आ रही हो और दोस्त खेलने को बुलाने लगे।

(ख) जब परीक्षा हो और कही घूमने जाना हो |

(ग) जब माँ ने कुछ अच्छा बनाया हो और हमारा पेट भरा हो |

(घ) सुबह-सुबह नींद आ रही हो और स्कूल जाना हो |

Page : 109 , Block Name : डाँवाडोल

Q8 इस लोककथा में खेती से संबंधित अनेक शब्द आए हैं। उनकी सूची बनाओ। फिर उन्हें वर्णमाला के क्रम से लिखो।

Answer. किसान, खेत, गाय, जोड़ी बैल, जोतना, फसलें, मेंड, धरती वर्षा, हल।

aglasem.com

Page : 109 , Block Name : तुम्हारी लोककथा

Q9 तुम्हारी लोककथा

यह मालवा (मध्यप्रदेश) की एक लोककथा है। तुम्हारे प्रांत की भाषा/बोली में भी कुछ लोककथाएँ होंगी जिसे लोग सुनते-सुनाते होंगे। उनमें से तुम अपनी पसंद की किसी लोक कथा को अपनी कॉपी में लिखो और अपने मित्रों को सुनाओ।

Answer - छात्र स्वंय करें।

Page : 109 , Block Name : तुम्हारी लोककथा

Q10तुम गीत-गाने, किस्सा-कहानी को सुनने के अलावा फ़िल्में भी देखते होंगे। अब तुम पता करो कि–

(क) लोकगीतों और लोककथाओं को कौन-कौन लोग बनाते और गाते हैं?

(ख) क्या लोककथाओं पर भी नाटक या सिनेमा बना है? कुछ के नाम बताओ।

ऊपर के काम में तुम बड़ों से भी मदद ले सकते हो।

Answer. (क) लोकगीतों और लोककथाओं को गाँव के लोग बनाते व गाते हैं |

(ख) लोककथाओं पर कई नाटक और सिनेमा बने है | नाटक - घुमाई, ठग ठगे गए

Page : 109 , Block Name : तुम्हारी लोककथा

Q11नीचे लिखे वाक्यों को अपने ढंग से सार्थक रूप में तुम जिस तरह भी लिख सकते हो वैसे लिखो।

(क) उसने बादलों को जी भर निहारा।

(ख) वर्षा की कोई आशा नहीं बँध रही थी।

(ग) गोमा ने फिर हिम्मत बटोरी।

(घ) उसने घर की राह पकड़ ली।

(ङ) वर्षा बरसाना तुम्हारे हाथ में नहीं है।

Answer. (क) जी भर कर उसने बादलों को निहारा।

(ख) वर्षा होने की कोई आशा ही नहीं थी।

(ग) गोमा ने फिर हिम्मत की।

(घ) उसने घर की राह ली।

(ङ) वर्षा होना तुम्हारे हाथ में नहीं है।

Page : 109 , Block Name : अपनी भाषा

Q12 खेती से प्राप्त होने वाले बहुमूल्य सामानों की सूची बनाओ और उस सूची में से जो सामान तुम्हारे प्रदेश की खेती से प्राप्त होता है उसका भी अलग से उल्लेख करो।

Answer. खेती से प्राप्त होने वाले बहुमूल्य सामान अनाज, सब्जियाँ है |

Page : 109 , Block Name : बहुमूल्य सामान

aglasem.com